किये जा रहे डोरनियर विमानों के पूरे बेड़े को जमीन पर खड़ा कर दिया जाना चाहिये ; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और क्या सरकार इस बेड़े को जमीन पर खड़ा करने का विचार रखती है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

बंगलौर दुर्घटना के बाद विशेष ए-320 उड़ान पर हुआ व्यय

638. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री महेन्द्र सिंह लाठर :

क्या **नागर विमानन और पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सन्, 1989 में बंगलौर में हुई दुर्घटना के बावजूद फरवरी, 1992 में एयर बस 320 पहली उड़ान से संबंधित कार्यक्रम जिन प्राधिकारियों के आदेशानुसार बनाया गया था, उनके नाम क्या हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि इस विशिष्ट उड़ान में शामिल 60 अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों पर किये गये खर्च के कारण इंडियन एयरलाइन्स को लाखों रुपयों की हानि हुई है ; और

(ग) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) 14 फरवरी, 1990 को बंगलूर में दुर्घटना होने के बाद, एयरबस ए-320 विमानों का परिचालन सरकार के अनुमोदन से बाह्य सेवाओं पर 28 अक्तूबर, 1990 से और अंतर्देशीय सेवाओं पर 3 दिसम्बर, 1990 से चरणबद्ध तरीके से शुरु किया गया था ।

(ख) और (ग) अतिथियों को उद्घाटन उड़ान में ले जाना एक आम परिपाटी है। फरवरी, 1992 में जो उड़ान शारजाह के लिये परिचालित की गई थी, उसमें 59 अतिथियों को ल जाया गया था । उद्घाटन उड़ान में ले जाये गये अतिथियों के आतिथ्य-सत्कार पर भारतीय मुद्रा में लगभग 15,000 रुपये और विदेशी मुद्रा में लगभग 3.15 लाख रुपये के समतुल्य राशि खर्च हुई थी ।

Star Hotel at Kanyakumari

639. SHRI M. VINCENT : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state whether Government will build a star hotel with foreign collaborators at Kanyakumari considering its importance as an international tourist centre ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA) : The Central Department of Tourism does not construct hotels. India Tourism Development Corporation, however, owns and operates hotels but its Annual Plan for 1992-93 does not envisage any specific scheme/provision for construction of a hotel at Kanyakumari.

Vayudoot Service to Kanyakumari

640. SHRI M. VINCENT : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) what is the reason for not linking the Vayudoot service to Kanyakumari one of the International tourist centres, so as to attract more foreign tourists ; and

(b) by when Kanyakumari will be connected by Vayudoot service ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA) : (a) and (b) For commercial and operational reasons it is not possible for Vayudoot to airlink Kanyakumari at present. However, the need of travelling people are met by the air services being rendered by Indian Airlines to Trivandrum adjacent to Kanyakumari.